# भगवान श्रीराम के आदर्श को आत्मसात करें : शिवराज

**बेगमगंज, 3 अक्टूबर. दशहरा का पर्व हर्षोल्लास ओर उत्साह से सनातन धर्मालंबियों द्वारा मनाया गया. चल समारोह बजरिया मंदिर से दर्जनों अखाड़ों के जांबाज खिलाड़ी लेजम-झांझर डीजे एवं विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ मुख्य मार्ग से निकले. साथ में आगे रथ पर सवार श्रीराम -लक्ष्मण अपनी सेना के साथ और पीछे रावण अपनी सेना चल रहे थे.**



मुस्लिम समुदाय द्वारा भी जगह -जगह स्वागत के साथ शीतल जल की व्यवस्था की गई थी. शाम को दशहरे के चल समारोह दशहरा मैदान पर पहुंचा. जहां पर सभी आखड़ों के खिलाड़ियों द्वारा अपने -अपने उस्ताद -खलीफा के मार्गदर्शन में हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन करके खूब वाहवाही ओर पुरस्कार बटोरे. आकर्षक का केंद्र हनुमान जी, शेर, गोरिल्ला के रूप धारण किए पात्र रहे.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने उदबोधन में सभी को भगवान श्रीराम के आदर्श को आत्मसात करने के साथ अपने जीवन को उच्च चरित्रवान बनाते हुए राष्ट्र को समर्पित करने के साथ समाज का भी भला करें.

### जनता की सेवा ही मेरे लिए मां दुर्गा की पूजा

इधर रायसेन में केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि विजय दशमी का महापर्व हमें सत्य पर चलने की राह दिखाता है भगवान राम ने भी असत्य के मार्ग पर चलने वाले लंका पति रावण का वध करते हुए हमें सत्य का रास्ता दिखाया है, भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलकर हमें अपना जीवन धन्य करें उन्होंने कहा कि मेरे लिए आम जनता की सेवा ही दुर्गा जी की सेवा है, उन्होंने मंच से केंद्र सरकार की भावंतर योजना के बारे में कहा कि अब किसानों इसका सीधा लाभ मिलेगा.

# किसना डायमंड ने शोरूम का किया शुभारंभ

**भोपाल. किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने भोपाल में अपने नए एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन किया। एलीगेंट बिजनेस स्कवैयर, अयोध्या बायपास रोड पर स्थित यह मध्य प्रदेश का 9वां और पूरे भारत का 98वां शोरूम है।**



इस अवसर पर घनश्याम ढोलकिया, फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, हरी कृष्णा ग्रुप तथा अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। इस मौके पर घनश्याम ढोलकिया, फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, हरी कृष्णा ग्रुप, ने कहा, मध्य प्रदेश अपनी कला और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। भोपाल में नए शोरूम के उद्घाटन के साथ, हमारा उद्देश्य ग्राहकों को ऐसी ज्वेलरी उपलब्ध कराना है, जो परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम हो। नवरात्रि दशहरे के शुभ दिनों में यह शुरुआत समृद्धि और नए आरंभ का प्रतीक है। यह हमारे विजन 'हर घर किसना' को और मजबूत बनाता है। पराग शाह, डायरेक्टर, किसना, ने कहा, भोपाल में शोरूम का शुभारंभ हमारे लिए एक बड़ा पड़ाव है। नवरात्रि के अवसर पर यह लॉन्च ग्राहकों के लिए और भी खास बनाता है। हम भोपाल के ग्राहकों को बेहतरीन डिज़ाइनों के साथ सेवा देने के लिए उत्साहित हैं। अभय शिवहरे और अशोक शिवहरे, फ्रेंचाइजी पार्टनर्स, किसना ने कहा, किसना के साथ जुड़ना और भोपाल के ग्राहकों तक इसकी विश्वसनीय ज्वेलरी परंपरा की पहुंच स्थापित करना हमारे लिए सम्मान की बात है।

# भावांतर योजना के लिए पंजीयन शुरू

## मंडी सचिव ने ली कर्मचारियों की बैठक

- किसानों के 17 अक्टूबर तक होंगे पंजीयन
- मंडी सचिव ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए

**बैरसिया, 3 अक्टूबर. प्रदेश सरकार ने भावांतर योजना के लिए शुक्रवार से सोयाबीन उत्पादक किसानों के पंजीयन प्रारंभ कर दिए हैं, जो 17 अक्टूबर तक होंगे.**



इसकी योजना को लेकर शुक्रवार को मंडी सचिव सुनील कुमार भालेकर ने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए. बैठक उपरांत मंडी सचिव ने बताया कि किसान भावांतर योजना में अपने अभिलेखों के साथ निम्नलिखित स्थानों पर नि:शुल्क पंजीयन करा सकते हैं.

ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र, जनपद पंचायत कार्यालय पर स्थापित सुविधा केंद्र, तहसील कार्यालय पर स्थापित केंद्र और सहकारी समितियों या सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा स्थापित पंजीयन केंद्र.

मंडी सचिव ने बताया किसान एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कामन सर्विस सेन्टर, लोकसेवा केंद्र, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर शुल्क देकर पंजीयन करा सकते हैं.

## गाय को बचाने के चक्कर में ट्रक पलटा

**बेगमगंज.** भोपाल रोड पर कोलूघाट के पास सड़क पर विचरण कर रही गाय को बचाने के चक्कर में एक माल वाहक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया. गनीमत रही कि चालक को मामूली चोटें आने से उसकी जान बच गई. सूत्रों के अनुसार आज शाम करीब 3 बजे नगर से 2 किमी दूर भोपाल रोड़ पर कोलूघाट के पास एक गाय के सड़क पर आने से उसको बचाने के चक्कर में अचानक ब्रेक लगाने के कारण ट्रक क्रं. एमपी 40 जेडजे 3156 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटता हुआ खेत में जाकर गिरा. ट्रक में लोहमिल के पास वाले वेयरहाउस से सरकारी गेंहू भरकर सलामतपुर जा रहा था कि हादसा हो गया. दुर्घटना में ट्रक चालक को मामूली चोटें आई है.

# मेरे पिता, मेरे गुरु ही नहीं प्रेरणा स्त्रोत भी हैं

3 अक्टूबर जन्मदिन विशेष

**भोपाल, 3 अक्टूबर. संस्कार, अनुशासन और प्रेम....संतान के भावी व्यक्तित्व की बुनियाद होते है, और माता-पिता ही इसके निर्माता होते हैं. माता-पिता का स्नेह, संरक्षण और मार्गदर्शन जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य होता है.**

मां जहां ममता और भावनाओं की प्रतीक होती हैं, वहीं पिता अनुशासन, अनुभव और साहस के प्रतीक होते हैं. वे केवल संरक्षक ही नहीं, बल्कि हमारे पहले गुरु, पहले मित्र और पहले आदर्श भी होते हैं. उनकी उपस्थिति हमारे जीवन की राह को सरल और अर्थपूर्ण बना देती है. पिता सतत प्रेरणा स्त्रोत भी होते हैं . मेरे पिता ताहिर अली भी मेरे पहले मित्र,



पहले गुरु और मेरी प्रेरणा के सतत स्त्रोत हैं.

### जनसंपर्क और मानवीय संबंधों के माहिर

3 अक्टूबर को मेरे पिता ताहिर अली अपना 71वाँ जन्मदिन मना रहे हैं. वे जनसम्पर्क और मानवीय सम्बन्धों के माहिर हैं, और अपनी गर्मजोशी और सहज व्यवहार से हर व्यक्ति को अपना बना लेते हैं.



परिवार और समाज में उन्हें स्नेहपूर्वक 'ताहिर भाई' और सम्मानपूर्वक 'ताहिर जी' पुकारा जाता है. यह सम्बोधन उनके व्यक्तित्व की व्यापकता और उन्हें मिलने वाले आदर का प्रतीक है. उनकी संवेदनशीलता, समझ और सहयोगी भाव ने उन्हें हर उम्र और वर्ग के लोगों के बीच लोकप्रिय बनाया है. उनके जीवन के अनुभव, मार्गदर्शन और सकारात्मक सोच ही हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं. हम उनके स्वस्थ और लम्बी आयु की कामना करते हैं. मेरे पिता की जिन्दादिली आज भी बरकरार है. उम्र के इस पड़ाव पर पहुँचकर भी उनका उत्साह, ऊर्जा और जीवन के प्रति प्रेम देखते ही बनता है. वे हर छोटे-बड़े अवसर को पूरे मन से जीते हैं और अपने आसपास के लोगों में भी वही सकारात्मकता बाँटते हैं.

वर्तमान में वह मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के मीडिया सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं. यह उनके जनसम्पर्क कौशल और अनुभव की गहराई का प्रमाण है.

**- सय्यद असीम अली**
(लेखक, पत्रकार और ताहिर अली के सुपुत्र हैं)

# खाद नहीं मिलने पर किसानों ने किया चक्काजाम

- एसडीएम ने कलेक्टर से कराई बात तब माने किसान

**बेगमगंज, 3 अक्टूबर. तीन दिन पूर्व खाद नहीं मिलने पर किसानों ने कांग्रेसियों के साथ मिलकर चक्काजाम आंदोलन किया था. तब प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तीन दिन के अंदर खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन देकर जाम खत्म कराया था.**



शुक्रवार की सुबह 3 दिन पूरे होने पर किसान खाद लेने वेयरहाउस गोदाम पहुंचे तो अवकाश के कारण वो बंद मिला तो आक्रोशित किसानों ने भोपाल मार्ग पर फिर से चक्काजाम करके सड़क पर बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे. इधर रात भर चले नवदुर्गा चल समारोह के कारण सभी प्रशासनिक अधिकारी आराम कर रहे थे लेकिन खबर मिलते ही एसडीएम सौरभ मिश्रा, एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव ,तहसीलदार प्रमोद उइके, थाना प्रभारी राजीव उइके एवं सन इंस्पेक्टर संदीप पवार पुलिस बल के साथ तत्काल आंदोलन स्थल पर पहुंचे और आंदोलन कर रहे किसानों को समझाइश देकर चक्काजाम खत्म कराया.

एसडीएम मिश्रा ने कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों से बात करने के बाद चक्काजाम कर रहे किसानों की वरिष्ठ अधिकारियों से मोबाइल पर बात कराई जिसमें कहा गया कि सोमवार के दिन जितना स्टॉक में खाद है उसके वितरण के उपरांत 8 दिन के अंदर 50 टन खाद उपलब्ध कराकर किसानों को वितरित की जाएगी तीन काउंटर चालू किए जाएंगे सोसायटियों के माध्यम से भी खाद का वितरण कराया जाएगा इस आश्वासन पर किसान मान गए और किसानों ने स्पष्टतौर पर चेतावनी देते हुए धरना एवं जाम समाप्त किया कि यदि खाद की समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो अब उग्र आंदोलन किया जाएगा.

# रायसेन में भाजपा की सूची घोषित

## आठ उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री, 6 मंत्री बनाए गए

**रायसेन. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल की सहमति से रायसेन जिले के नवनियुक्त पदाधिकारीयो की घोषणा की गई है.**

नवीन कार्य समिति में आठ जिला उपाध्यक्ष, तीन जिला महामंत्री तथा 6 जिला मंत्री सहित जिला कोषाध्यक्ष, जिला सह कोषाध्यक्ष, कार्यालय मंत्री एवं सह कार्यालय मंत्री की घोषणा की गई है. उक्त आशय की जानकारी देते हुए जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राकेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल जी की सहमति से जिला पदाधिकारीयो की घोषणा की गई है, उनमें जिला उपाध्यक्ष के लिए राकेश तोमर, जगदीश लोधी, योगेश पटेल, श्रीमती मीनू अरविंद दुबे, ओमप्रकाश मीणा, दातार सिंह मीणा, दीपक रघुवंशी, शैलेंद्र गिरी, इसके अलावा जिला महामंत्री केशव पटेल, दीपेंद्र पाल, संतोष शर्मा को जिला महामंत्री बनाया गया हैं.

इनके अलावा जिला मंत्री मंजू धीरेंद्र सिंह कुशवाहा,मोह राव सिंह, सुशील शर्मा, गायत्री नगरिया, प्रार्थना चौहान, संदीप शर्मा, को जिला मंत्री बनाया गया है. इनके अलावा जिला कोषाध्यक्ष के लिए वर्षा लोधी, सह कोषाध्यक्ष के लिए अवनीश पालीवाल तथा जिला कार्यालय मंत्री जितेश ठाकुर, जिला सह कार्यालय मंत्री लोकेंद्र सिंह ठाकुर को बनाया गया है.

# संचेत में नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

**रायसेन, 3 अक्टूबर. जिले के ग्राम संचेत में गुरुवार शाम एक नवविवाहिता रायसेन जिले के ग्राम संचेत में गुरुवार शाम एक नवविवाहिता की मौत हो गई. भारती लोधी ( 22 ) की शादी महज पांच महीने पहले ही संचेत निवासी अभिषेक लोधी से हुई थी. मौत की खबर मिलते ही मायके पक्ष में कोहराम मच गया.**



- महज पांच महीने पहले हुई थी शादी
- ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए

परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है. जानकारी के मुताबिक, ससुराल पक्ष भारती को मृत अवस्था में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे. यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. भारती के गले और शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए.

मृतका भारती के पिता लखपत सिंह लोधी ने बताया कि उन्होंने पांच माह पहले डेढ़ एकड़ जमीन बेचकर धूमधाम से बेटी की शादी की थी. उनका कहना है कि यह कोई साधारण मौत नहीं है, बेटी के साथ कुछ अनहोनी हुई है. हालांकि, भारती ने कभी फोन पर किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया था. तीन दिन पहले ही वह ससुराल गई थी.

इधर, ससुराल पक्ष का कहना है कि दशहरे के कारण परिवार के सभी लोग घर से बाहर थे. जब वे लौटे तो भारती घर में मृत अवस्था में मिली. इसके बाद उन्होंने परिजनों को सूचना दी और अस्पताल लेकर पहुंचे. देवनगर थाना प्रभारी हरिओम अस्ताय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. शुक्रवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है. रिपोर्ट आने और परिजनों के बयान दर्ज होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## सफाई मित्रों को किया पुरस्कृत

**भोपाल.** भारत सरकार एवं भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 17 सिंतबर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा कैंपेन 2025 का आयोजन भारतीय खाद्य निगम, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा किया गया, जिसकी शुरुआत 17 सिंतबर को स्वच्छता की शपथ के साथ की गई। इस आयोजन के दौरान स्वच्छता से संबंधित विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं सफाई मित्रों को पुरस्कृत किया गया। स्वच्छता पखवाड़े के उक्त कार्यक्रम में अधिकरियों और कर्मचारियों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। उक्त कैंपेन भारतीय खाद्य निगम मध्य प्रदेश क्षेत्र के अधीनस्थ सभी मंडल कार्यालयों द्वारा भी आयोजित किया गया।

## अब आधार अपडेट करना हुआ महंगा

**भोपाल.** आधार कार्ड में जानकारी सुधारना अब महंगा हो गया है. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार सेवाओं के शुल्क में वृद्धि कर दी है. पहले जिन सेवाओं के लिए 50 या 100 रुपये देना पड़ता था, अब उनके लिए क्रमशः 75 और 125 रुपये चुकाने होंगे. हालाकि, कुछ आयु वर्ग के बच्चों को इसमें छूट दी गई है. 5 से 7 वर्ष और 15 से 17 वर्ष की आयु समूह के बच्चों का जैव-आंकिक (बायोमेट्रिक) अद्यतन एक बार नि:शुल्क रहेगा.

# वन विहार में बच्चों ने देखीं रंग-बिरंगी तितलियां

**भोपाल, 3 अक्टूबर. वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह-2025 के यानि तीसरे दिन सुबह 6 बजे तितली अवलोकन शिविर में इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल भोपाल के 57 एवं अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के 13 प्रतिभागी शामिल हुए.**



शिविर में प्रतिभागियों ने तितलियों की विभिन्न प्रजातियों के दर्शन किये. इनमें रेड पिरोट, कॉमन क्रो, स्ट्राइपड टाइगर, प्लेन टाइगर, कॉमन सरूलीन, ब्लू टाइगर, कॉमन ग्रास एलो, लेमन पैन्सी के बारे में विषय-विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की. वन्यजीव सप्ताह में सुबह 9.30 से दोपहर 12.30 बजे तक खजाने की खोज प्रतियोगिता हुई. प्रतियोगिता में 140 प्रतिभागियों ने भाग लिया. विभिन्न प्रकार की तितलियों, पक्षियों, गिद्धों, स्तनपायी जीव जंतुओं से संबंधित प्रतिभागियों को सुराग दिये गये.

# मुख्यमंत्री डॉ . यादव कल असम में निवेशकों से करेंगे वन टू वन चर्चा

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव 5 अक्टूबर को असम के गुवाहटी में पूर्वोत्तर राज्यों के निवेशकों सहित भूटान के प्रतिनिधियों से वन टू वन चर्चा करेंगे।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य के निवेश के प्रमुख सेक्टर और उद्योग-अनुकूल नीतियों की जानकारी देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की संकल्पबद्धता और राज्य की मजबूत नीतियां निवेशकों को भरोसा देती हैं कि उनके व्यवसाय के लिए प्रदेश में हर तरह के संसाधन और अवसर उपलब्ध हैं। यह अवसर पूर्वोत्तर और मध्यप्रदेश के उद्योगों के लिए साझी संभावनाओं का नया मार्ग खोलेगा।


### मध्यप्रदेश शासन जल संसाधन विभाग
### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग

प्रेस कॉम्प्लेक्स, शेड नं. 1, होशंगाबाद रोड, एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल
फोन नंबर (0755) 2553096, ई-मेल- eewrdbpl@gmail.com

विज्ञप्ति क्रमांक 03/व.ले.लि./2025-26/3719 भोपाल, दिनांक 26/9/2025

**विज्ञप्ति**

जल संसाधन विभाग के अधीन निम्नलिखित कार्यालयों में मासिक किराए पर 3 वर्ष के लिए निर्धारित अर्हताधारी कम्प्यूटर ऑपरेटर की सेवाएं डेस्कटॉप, बहुउद्देशीय प्रिन्टर एवं अन्य अनिवार्य उपकरणों के साथ लिया जाना है. इच्छुक आवेदक अपना मोहरबंद प्रस्ताव दिनांक 12/10/2025 को दोपहर 3 बजे तक कार्यालय कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, भोपाल में जमा कर सकता है. विस्तृत विवरण जल संसाधन विभाग की वेबसाइट http://www.mpwrd.gov.in पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है.

| स. क्र. | कार्यालय का नाम एवं पता (जहां कार्य के लिए नियोजन होना है) | कार्यालय में वांछित कम्प्यूटर ऑपरेटर की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मंत्रालय, जल संसाधन विभाग, वित्तीय सलाहकार शाखा | 1 |
| 2. | मंत्रालय, जल संसाधन विभाग, पी-2, शाखा | 1 |
| 3. | कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल, वृहद-1 | 1 |
| 4. | कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल, ईआईएमएस कक्ष | 1 |
| 5. | कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल, विधि प्रकोष्ठ कक्ष | 1 |
| 6. | कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल, अधीक्षण प्रशासन कक्ष | 1 |
| 7. | कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल, सतर्कता कक्ष | 1 |
| 8. | कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल पर्यवेक्षक कक्ष | 1 |

(नितिन कुहीकर)
कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन संभाग, भोपाल
मो.नं. 6260214739

G19561/25



परिशिष्ट B - संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
सातवें व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, भोपाल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
आरसीएस ए/706/2025
जैबउददीन खान बनाम सर्वसाधारण
NEXT DATE: 10-11-2025

प्रेषिती-
**सर्वसाधारण**
पता - भोपाल

यह कि प्रार्थी जैबउददीन खान ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए/706/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 12-09-2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(बृजेश कुमार चौरसिया
सातवें व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड
भोपाल म.प्र.



### M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.

Office of the Dy. General Manager (STM-STC) Dn. O&M Circle, Bhopal
Email : mpczdgmstcombhopal@gmail.com

NIT No. :- DGM/STM-STC/Tender/2025-26/3738 Date 30.09.2025

**NOTICE INVITING E-TENDER**

E-tenders are invited from eligible bidders for following works.

| Tender Notice Number | Particulars | Approx. Value (In Lakh) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 3738/01 Dated 30.09.2025 | Extension of 33 KV DGP-1 frd 3.5km from Sewaniya omkara to 33/11 S/s Kalyanpur under S.Sewaniya D/c of (O&M) Division Bhopal | 12.74 | 2000+ GST @18% |
| 3738/02 Dated 30.09.2025 | 11 KV Line Interconn. work from Bagsi to Bagsi Dom, Jajankhedi & Manikhedi Agr feeder under Nazirabad D/c of (O&M) Division Bhopal | 12.73 | 2000+ GST@18% |

**Bid Download Start/End Date & Time :- 01.10.2025, 15:00 Hrs. up to 07.10.2025, 15:30 Hrs.**
**Online Bid Submission End Date & Time :- 07.10.2025, up to 15:30 Hrs.**
**Online Tender Opening Date & Time :- 08.10.2025 at 15:30 Hrs.**
Other details, terms and conditions are available on company **website : https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/122401/2025 DGM (STM-STC)



### कार्यालय नगर निगम, भोपाल, जोन क्रमांक 19
### निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र

क्र. 79/यां.वि./2025 भोपाल, दिनांक 3/10/2025

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु परसेन्टेज रेट मोहरबंद निविदाएं निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं.

| क्र. | ऑनलाइन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | ठेकेदार श्रेणी | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_455682_1 | Providing and Fixing Paver Block and RCC Benches at Various Places W-84, Z-19. | 7,61,707/- | as per Centralized Registration | 20-10-2025 | 6.00 PM |

**नियम व शर्तें:-** 1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है.

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्र. 19, नगर निगम, भोपाल

नि.क्र. 2524/025/026